**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3769**

**सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)**

**बेरोजगारी दर**

**3769. श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में रोजगार की स्थिति का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वेक्षण अवधि प्रतिवर्ष जुलाई से जून होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 2019-20 में 4.8% से घटकर 2023-24 में 3.2% हो गई है।

इसके अलावा, नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर रोजगार दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), वर्ष 2019-20 में 50.9% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2% हो गया है। डब्ल्यूपीआर के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा पीएलएफएस रिपोर्टों में https://www.mospi.gov.in/download-reports?main_cat=ODU5&cat=All&sub_category=All उपलब्ध है।

*****